श्याम शरण | by Shivani Wadhavan

श्याम शरण में आते ही कमाल हो गया
श्याम कृपा से मैं तो मालामाल हो गया

सच्चा साथी श्याम हमारा हारे का बन जाए सहारा
हर संकट का खाटू वाला मेरी ढाल हो गया
श्याम कृपा से मैं तो मालामाल हो गया

आँख में आंसू देख ना पाए रोते चेहरे को ये हंसाये
श्याम धणी का पा के प्यार मैं निहाल हो गया
श्याम कृपा से मैं तो मालामाल हो गया

बाँधा इसने ऐसा बंधन मस्ती कहता है कुंदन
करके सेवा सांवरे की खुशहाल हो गया
श्याम कृपा से मैं तो मालामाल हो गया

श्याम शरण में आते ही कमाल हो गया
श्याम कृपा से मैं तो मालामाल हो गया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b6%e0%a4%b0%e0%a4%a3-by-shivani-wadhavan/